**भारत सरकार**
**श्रम और रोजगार मंत्रालय**
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या- 3109**
**गुरूवार, 27 मार्च, 2025/6 चैत्र, 1947 (शक)**

**रोजगार कार्यालयों के माध्यम से नौकरियाँ**

**3109. श्री संदोष कुमार पी:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पाँच वर्षों के दौरान रोजगार कार्यालयों के माध्यम से नौकरियों में करवाए गए नियोजनों की संख्या की राज्य-वार सूची क्या है;
(ख) उन विभिन्न उद्योगों/क्षेत्रों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है जिनमें रोजगार कार्यालयों के माध्यम से रोजगार प्रदान किए गए; और
(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान रोजगार कार्यालयों द्वारा संचालित कौशल विकास कार्यक्रमों की राज्य-वार सूची क्या है?

**उत्तर**
**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**
**(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)**

(क) से (ग): भारत सरकार का श्रम और रोजगार मंत्रालय राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल चला रहा है, जो निजी और सरकारी क्षेत्रों की नौकरियों, ऑनलाइन और ऑफलाइन रोजगार मेलों की जानकारी, नौकरी खोज और मिलान, करियर परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों की जानकारी, कौशल/प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि सहित करियर से संबंधित सेवाएं एक डिजिटल प्लेटफॉर्म [www.ncs.gov.in] के माध्यम से प्रदान करने के लिए वन-स्टॉप समाधान है। एनसीएस योजना का एक उद्देश्य रोजगार कार्यालयों को मॉडल करियर केन्द्रों (एमसीसी) में परिवर्तित करना है। अब तक 370 रोजगार कार्यालयों का एमसीसी के रूप में उन्नयन किया गया है।

एनसीएस पोर्टल, रोजगार चाहने वालों की रोजगार क्षमता, डिजिटल और करियर कौशल को बढ़ाने और युवाओं को आवश्यक रोजगार योग्य कौशल की एक श्रृंखला से सशक्त और सुसज्जित बनाने के लिए अन्य बातों के साथ-साथ ऑनलाइन रोजगार क्षमता वृद्धि कार्यक्रम, डिजिटल कौशल वृद्धि कार्यक्रम और स्व-गतिशील करियर कौशल कार्यक्रम आयोजित कराता है।

इसके अलावा, एनसीएस पोर्टल पर एक मॉड्यूल मौजूद है जो अनुमोदित करियर परामर्शदाताओं द्वारा करियर परामर्श और मार्गदर्शन सेवाएं प्रदान करने की सुविधा प्रदान करता है। दिनांक 28.02.2025 तक, लगभग 1150 करियर परामर्शदाताओं को एनसीएस पोर्टल पर जोड़ा गया है। बैंकिंग, वित्त और बीमा, दूरसंचार, आईटी-आईटीईएस, खाद्य उद्योग, स्वास्थ्य सेवा आदि जैसे 52 क्षेत्रों में 3600 से अधिक नौकरियों की जानकारी भी www.ncs.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध कराई गई है।

एनसीएस पोर्टल को स्किल इंडिया डिजिटल हब (एसआईडीएच) के साथ एकीकृत किया गया है जिसे विशेष रूप से नौकरियों और उद्यमशीलता के अवसरों के लिए एक ऑनलाइन प्रशिक्षण मंच के माध्यम से व्यक्तियों की स्किलिंग, रि-स्किलिंग और अप-स्किलिंग के लिए डिज़ाइन और विकसित किया गया है। एनसीएस पोर्टल को एसआईडीएच के साथ एकीकृत करने से एसआईडीएच पर कुशल नौकरी चाहने वालों (रोजगार/बेरोजगार) के लिए एनसीएस पोर्टल का लाभ उठाने और नौकरी चाहने वालों (रोजगार/बेरोजगार) के लिए एसआईडीएच द्वारा दी जाने वाली कौशल सेवाओं का लाभ उठाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

राज्यों द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के आधार पर रोजगार कार्यालयों से संबंधित विभिन्न मापदंडों (नियोक्ताओं, रोजगार चाहने वालों, रिक्तियों, नियुक्तियों आदि) पर राज्य-वार आंकड़े रोजगार कार्यालय सांख्यिकी (https://dge.gov.in/dge/dge-publications-reports-) पर उपलब्ध हैं।

*****